## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 06.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– जीएसटी दरों में कटौती से अर्थव्यस्था को मिलेगी मजबूती, किसानों का हित सरकार की प्राथमिकता।
2. चुनाव आयोग ने 10 सितंबर को बुलाई अहम बैठक,देश के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं पर होगा विचार विमर्श।
3. धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने कतरास क्षेत्र में हुई घटना में बीसीसीएल प्रबंधन और आउटसोर्सिंग कंपनी को ठहराया जिम्मेदार, उच्चस्तरीय जांच की कही बात।
4. मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों में अगले पांच दिनों तक तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का जताया पूर्वानुमान , जारी किया येलो अलर्ट
5. महिला एशिया कप हॉकी में शानदार शुरूआत – भारतीय महिला हॉकी टीम ने थाईलैंड का 11–शून्य से हराया, आज पूल बी में जापान से मुकाबला।

*******************

जीएसटी की दर में बदलाव पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों का हित सरकार की प्राथमिकता है भोपाल में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि जीएसटी दर में कमी से ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्य में आसानी होगी और किसानों को ट्रैक्टर खरीद में फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इससे अर्थव्यवस्था भी निश्चित रूप से मजबूत होगी।

*******************

केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड– सीबीआईसी के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने अगली पीढी के जीएसटी सुधारों को सहासी और व्यापक बताया है। आकाशवाणी सामाचार के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि जन–साधारण के हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लालकिला के प्राचीर से दिवाली तक वस्तु और सेवाकर–जीएसटी में सुधारों की घोषणा की थी। देश की अर्थव्यवस्था को अधिक कार्यकुशल और लोगों के हितों के अनुकूल बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने के क्रम में 3 सितंबर को जीएसटी परिषद् ने दरों को युक्तिसंगत बनाने की स्वीकृति दी। नई दरें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी। आज हम ऑटोमोबाइल क्षेत्र के लिए जीएसटी सुधारों पर एक नज़र डाल रहे हैं। एक रिपोर्ट

*******************

चुनाव आयोग ने 10 सितंबर को अहम बैठक बुलाई है । इसमें देश के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक होगी जिसमें देश भर में निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं पर विचार विमर्श होगा

*******************

कतरास के अंगारपथरा केसरपुर वेस्ट मोदीडीह कोलियरी में कल हुए भू धंसान में रेस्क्यू अभियान जारी है। अबतक पांच शव मलबे से बाहर निकाले गए। धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने कतरास क्षेत्र में हुई घटना में बीसीसीएल प्रबंधन और आउटसोर्सिंग कंपनी को जिम्मेदार ठहराया है उन्होंने हादसे की उच्चस्तरीय जांच कराने की बात कही।

*******************

राज्य में नए कांग्रेस जिला अध्यक्ष के चयन समेत संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से पार्टी की राज्य स्तरीय कमेटी द्वारा जिले के विभिन्न इलाकों में बैठक कर लोगों से रायशुमारी की जा रही है। इस संबंध में धनबाद में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रेस वार्ता कर बताया कि कमेटी की ओर से चयनित नाम की सूची 14

सितंबर तक ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी को भेज दी जाएगी। उसके बाद नए जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा होगी।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।

*******************

बिहार के गया जी में आज से विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला महासंगम 2025 का शुभारंभ हो रहा है। दुनिया भर से लोग अपने दिवंगत पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण अनुष्ठान करने के लिए गया पहुँच रहे है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी आज शाम इस मेले का उद्घाटन करेंगे।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख आठ सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 31 हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

चीन के हांगझोउ में खेले जा रहे महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में थाईलैंड का 11–शून्य से हराकर भारत ने अपने अभियान की शानदार शुरूआत की । उदिता ने 30 वें आौर 52 वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर जबकि ब्यूटी डुंगडुंग ने 45 वें और 54 वें मिनट में गोल किए। पूल बी में भारत आज शाम जापान से भिड़ेगा।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों में अगले पांच दिनों तक तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का पूर्वानुमान जताया है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

*******************